# सार-समाचार

## निगम उत्तर क्षेत्र के चुनाव के लिए मतदान टीम रवाना...



**जोधपुर ( कासं )।** नगर निगम उत्तर क्षेत्र के चुनाव के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान दल बुधवार को मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए। वहीं पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग नदारद रही। ऐसे में पुलिस ड्यूटी के लिए बने केंद्र पर पुलिस कर्मचारियों की भीड़ उमड़ी नजर आयी।

## डॉ. शर्मा ने सुरेन्द्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**जयपुर ( कासं )।** सूचना व जनसंपर्क मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र सिंह राठौड़ के बड़े भ्राता सुरेन्द्र सिंह राठौड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. शर्मा ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय सुरेन्द्र सिंह मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उनकी उपस्थित उन्हें प्रियजनों की पंक्ति में अग्रणी रखती थी। इसलिए उनका जाना परिवार के साथ हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। सूचना व जनसंपर्क मंत्री ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की असीम शांति और परिवार व मित्रजनों को आघात सहन करने की प्रार्थना की है।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा श्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार हेतु आवेदन मांगे गए

**जयपुर ( कासं )।** नेहरू युवा केंद्र जयपुर, द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2020-21 के लिए जिला स्तर पर श्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार में चयन हेतु जिले के पंजीकृत सक्रिय युवा मंडलों (महिला/ पुरुष) के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसका चयन युवा मंडल की 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक अवधि की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र नेहरू युवा केंद्र, जयपुर के कार्यालय में 30 नवंबर, 2020 को शाम 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रारूप में सही एवं सच्ची सूचनाएं ही भरे। जिला स्तर पर श्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार विजेता राज्य स्तर पर व राज्य स्तर के विजेता राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के पात्र होंगे। पुरस्कार में जिला स्तर पर प्रथम आने वाले को ?25000 राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले को रू. 75000 तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर्ता को क्रमशः 3 लाख रूपए 1 लाख रूपए एवं 50000 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## जिला स्तर पर श्रेष्ठ युवा मण्डल पुरस्कार 2019-20 के लिए आवेदन आमंत्रित

**जयपुर ( कासं )।** नेहरू युवा केन्द्र, जयपुर ने जिला स्तर पर श्रेष्ठ युवा मण्डल पुरस्कार 2020-21 के लिए जिले के पंजीकृत सक्रिय युवा मण्डलों(महिला/पुरूष) से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये हैं। जिले के सभी पंजीकृत युवा, युवती मण्डल इस पुरस्कार में भाग लेने हेतु योग्य हैं। जिला स्तर पर प्रथम आने वाले मण्डल को 25 हजार रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

जिला युवा समन्वयक महेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्रेष्ठ युवा मण्डल पुरस्कार चयन में आवेदन के साथ युवा मण्डल की 01 अप्रेल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक अवधि की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन किया जावेगा। पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप कार्यालय से अथवा नेहरू युवा केन्द्र संगठन की वेवसाइट से प्राप्त किया जा सकता है । आवेदन प्रपत्र कार्यालय में 30 नवम्बर, 2020 तक कार्यालय समय सायं 05.00 बजे तक जमा कराए जा सकते हैं। पुरस्कार के आवेदन प्रारूप में सही एवं सत्य सूचनाऐं भरनी होंगी, जिसके सत्यापन हेतु फोटोग्राफ, प्रेस समाचार, सम्बन्धित विभाग या अधिकारी का प्रमाण पत्र, लाभार्थियों एवं संभागियों की संख्या एवं ऑडिट रिपोर्ट आय व्यय विवरण, रजि0 प्रमाण पत्र, विधान नियमावली आदि की फोटो प्रति संलग्न होना आवश्यक है। जिला स्तर पर श्रेष्ठ युवा मण्डल पुरस्कार विजेता राज्य स्तर पर व राज्य स्तर के विजेता राष्ट्रीय स्तर पर पात्र होंगे। शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 75 हजार रुपए एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वालों को तीन लाख, एक लाख एवं 50 हजार रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## वॉल पेन्टिग से युवाओं ने दिया कोरोना जागरूकता का संदेश

**आयुक्त ग्रेटर निगम दिनेश यादव ने भी बनाई पेन्टिग**

**जयपुर ( कासं )।** कोरोना नहीं फैले और लोग इसके संक्रमण से बचे इसके लिये नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज की टीमों द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस आंदोलन से हर व्यक्ति को जोड़ने के लिये रोज नवाचार हो रहे है। इसी कड़ी में युवाओं का एक समूह कोंट्री आगे आया है। युवाओं के इस समूह ने बुधवार को झोटवाड़ा जोन अजमेर रोड़ स्थित चाणक्य रेस्टोरेन्ट की दिवारों पर वॉल पेन्टिग कर माक्स हम लगायेगे कोरोना को भगायेगे तथा दो गज दूरी जैसी कोरोना से बचने के लिये महत्वपूर्ण बातों को दिवारों पर उकेरा। आयुक्त एवं प्राधिकारी नगर निगम जयपुर ग्रेटर दिनेष कुमार यादव ने भी ब्रष संभाली और दिवार पर जागरूकता संदेष उकेरा। इस दौरान उन्होंने लोगों को मास्क भी वितरित किये और समझाईष भी की।

## जल जीवन मिशन के तहत इस वर्ष चूरू जिले में 100% नल कनेक्शन

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान के सभी ग्रामीण घरों में वर्ष 2023-24 तक शत प्रतिशत नल जल कनेक्शन की योजना है। राज्य में लगभग 1.01 करोड़ ग्रामीण परिवार हैं, जिनमें से 88.57 लाख घरों में घरेलू नल कनेक्शन नहीं हैं। राज्य वर्ष 2020-21 में 20.69 लाख घरों को नल जल कनेक्शन से सक्षम करने की योजना बना रहा है। राज्य ने इस वर्ष चूरू जिले में शत प्रतिशत कवरेज कर लेने की योजना बनाई है। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन की योजना और कार्यान्वयन की स्थिति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई मध्यावधि समीक्षा में राजस्थान राज्य के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्यावधि समीक्षा में उन 44,641 बस्तियों में मौजूदा नल से जल सप्लाई योजनाओं के विश्लेषण की आवश्यकता बताई गई जहां अब तक एक भी कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस बात का भी आग्रह किया गया कि 20,172 गांवों में योजनाओं की समीक्षा की जाए जहां एक भी नल कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया है। राजस्थान राज्य ने दिसंबर, 2020 तक 8.74 लाख की आबादी वाले शेष 1,545 फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की योजना बनाई है।

# बोरानाडा स्थित नमकीन प्लांट में लगी भीषण आग, कर्मचारी झुलसा

## पाइप लाइन से ऑयल लीकेज होने से हुई घटना

**जोधपुर ( कासं )।** निकटवर्ती बोरानाडा क्षेत्र में नमकीन बनाने के प्लांट में भीषण आग लग गई। हादसे में प्लांट का एक कर्मचारी आग की चपेट में आने से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। आग लगने का आरंभिक तौर पर कारण पाइप लाइन में ऑयल लीकेज होना माना जा रहा है। आग से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

चीफ फायर ऑफिसर जयसिंह चौहान ने बताया कि बोरानाडा क्षेत्र में एग्रो फूड के निकट पवन पुत्र वैफर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से नमकीन का प्लांट है। इसमें बुधवार को आग लगने की सूचना मिली। इस पर शास्त्रीनगर से एक गाड़ी को रवाना किए जाने के साथ बोरानाडा रिको से दमकल की गाड़ी रवाना हुई। आग की भीषणता को देखते हुए बाद में शास्त्रीनगर से 3, बासनी से दो, बोरानाडा रिको और नागौरी गेट से करीबन 12 गाडियां पहुंच गई। चीफ फायर ऑफिसर के अनुसार प्लांट के एक यूनिट पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई और दूसरी को बचा लिया गया। आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि वह



पूरे परिसर में तेजी से फैलने लगी। विकराल रूप धारण कर चुकी आग को बुझाने में पांच घंटे लग गए।

**वॉल्व बंद करते कर्मचारी झुलसा**

प्रथम दृष्टया सामने आया कि प्लांट में लगी ऑयल पाइप से लीकेज हुआ है। लीक होते ऑयल ने आग पकड़ ली और पूरे प्लांट में फैल गई। आग लगते ही एक कर्मचारी वाल्व को बंद करने के लिए अंदर भागा। उसने वाल्व तो बंद कर दिया, लेकिन स्वयं इस प्रयास में झुलस गया। इलाज के पश्चात उसे घर भेज दिया गया।

# माता-पिता ने बाजार जाने की जिद पूरी नहीं की तो 12 साल की बच्ची ने फंदा लगा जान दे दी

**जोधपुर ( कासं )।** बासनी थाना इलाके के मधुबन स्थित डीडीपी नगर में रहने वाले रेल कर्मचारी की 12 साल की बच्ची ने अपने घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में फंदा लगा जान दे दी। वजह यह थी कि उसके माता-पिता उसे बाजार लेकर नहीं गए थे। घर में मौजूद अन्य बच्चों को जब पता लगा तब आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी। इसके बाद बच्ची को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रात को उसकी मौत हो गई।

एएसआई गोविंद सिंह ने बताया कि मधुबन स्थित डीडीपी नगर निवासी रेलकर्मी धर्मेंद्रसिंह पुत्र मुन्नालाल की 12 साल की बेटी रितु सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। धर्मेंद्र सिंह पत्नी के साथ बाजार जा रहे थे, तब रितु ने भी चलने की जिद्द की थी। उन्होंने बाजार ले जाने से मना कर दिया। इसके बाद रितु ने फंदा लगा जान दे दी। अन्य बच्चे जब खेलते हुए ऊपर वाली मंजिल पर पहुंचे तो रितु फंदे से झूलती हुई दिखी। इसके बाद वे चिल्लाए और फिर आसपास के लोग एकत्र हो गए। पड़ोसियों ने धर्मेंद्र सिंह को फोन कर घटना के बारे में बताया तो वे तुरत एम्स अस्पताल पहुंचे। रितु की रात करीब साढ़े आठ बजे उपचार के दौरान मौत हो गई।

**इधर, सिरदर्द से परेशान युवक ने फंदा लगाया**

बासनी औद्योगिक क्षेत्र के रामेश्वर नगर ए सेक्टर में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या की वजह आरंभिक तौर पर उसके सिरदर्द से परेशान होना सामने आया। मरने से पहले उसने सुसाइड नोट में लिखा था। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बासनी थाने के एएसआई अणदाराम ने बताया कि पाली जिले के पुरानी सब्जी मंडी के रहने वाले चैतन्यदेव पुत्र कृष्णकुमार ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका बड़ा भाई 38 साल का निरंजन देव यहां जोधपुर में अपने परिवार के साथ रामेश्वर नगर ए सेक्टर में रहता था। वह

## कुंभकारों की उम्मीदों को लगे पंख

**जोधपुर ( कासं )।** क्षेत्र में इन दिनों दीपावली के त्योहार के मद्देनजर कुंभकारों के परिवारों में उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार मिट्टी के दीपकों की विशेष मांग रहेगी। इसी के चलते उनके चाक की रफ्तार दिन-रात तेज हो रही है। कुंभकार उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार स्वदेशी दीपक ही जलाए जाएंगे। इसे लेकर कुंभकार मिट्टी के दीपक बनाने में व्यस्त नजर आ रहे हैं। पुन्दलू व बोरून्दा क्षेत्र में दीपक बनाने वाले कुंभकारों ने पिछले कई वर्ष से बन्द पड़े चाक व उपकरण की सार संभाल की है। लॉक डाउन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर लोगों ने घरों की छतों दीपक जलाए थे। इस बार लोगद स्वदेशी अपनाओ अभियान से प्रेरित हुए हैं।

## ससुराल से पीहर जाने की रस्म के दौरान फरार होने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

**जोधपुर ( कासं )।** राजधानी जयपुर में दो युवकों से शादी कर जेवर व नकदी लूट ले जाने वाली लुटेरी दुल्हन को गलता गेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी राजीव पचार ने बताया कि मुम्बई निवासी लुटेरी दुल्हन नजमा शेख उर्फ नेहा पाटील ने जोधपुर में दिलीप इ्क्षसह और सीकर के लक्ष्मण गढ़ में छगनलाल जांगिड़ से भी शादी कर उनके घर से जेवर व नकदी लूट ले गई थी। जयपुर में गलता गेट थाना क्षेत्र में अशोक खंडेलवाल से शादी कर घर से जेवर व नकदी लेकर भाग गई थी। जबकि जयपुर के ही ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में गेंदालाल गुर्जर को भी शिकार बनाया था। अशोक की बहन सुनीता खंडेलवाल ने इसी वर्ष 25 फरवरी को मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने गिरोह में शामिल जयसिंहपुरा खोर निवासी शोभारानी, रवि खंडेलवाल, राहुल खंडेलवाल और नोरतमल जैन को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि लुटेरी दुल्हन की तलाश जारी थी। एडिशनल डीसीपी धर्मेन्द्र कहा कि पूछताछ में लुटेरी दुल्हन नजमा शेख ने बताया कि शादी के बाद ससुराल से पीहर जाने वाली रस्म के दौरान दूल्हे के घर से जेवर व नकदी समेट ले जाती और फिर फरार हो जाती। उसने मुम्बई में फरारी के दौरान मोबाइल उपयोग में भी नहीं लिया और ना ही जयपुर और अन्य जगह रहने वाले रिश्तेदारों से संपर्क किया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि नजमा उर्फ नेहा मुम्बई से ट्रेन में जयपुर पहुंच रही है। तब उसे रेलवे स्टेशन पर ही पकड़ लिया गया।

# शरद पूर्णिमा के साथ कार्तिक मास का होगा आगाज

## स्वास्थ्य के साथ खरीदारी के लिए भी श्रेष्ठ रहेगी पूर्णिमा

**जोधपुर ( कासं )।** शरद पूर्णिमा महोत्सव जोधपुर में 31 अक्टूबर को घरों में मनाया जाएगा। द्वितीय आश्विन शुक्ल पक्ष शरद पूर्णिमा को सोलह कलाओं से परिपूर्ण चन्द्रमा की आयुष्मान किरणों का सेवन करने के लिए घरों की छतों पर गाय के दूध से बनी खीर व ऋ्तुफलों को रखने के बाद उनका सेवन किया जाएगा। इस बार कोविड-19 के कारण ठाकुरजी के मंदिरों में भक्ति संध्या व खीर महोत्सव के आयोजन नहीं होंगे। कोरोना महामारी के कारण मंदिरों में भक्तों का प्रवेश भी निषेध रहेगा। भगवान विष्णु की आराधना के लिए विशेष माने जाने वाले कार्तिक मास की शुरुआत भी




होगी। मंदिरों में ठाकुरजी का शरद श्रृंगार होगा। पं. ओमदत्त शंकर ने बताया कि शरद पूर्णिमा तिथि 30 अक्टूबर को शाम 5.45 बजे से शुरू होकर 31 अक्टूबर को रात्रि 8.18 बजे तक रहेगी। इस बार आश्विन शुक्ल चतुर्दशी को पूर्णिमा तिथि निशीथ व्यापिनी है तथा अगले दिन प्रदोष व्यापिनी है । यदि पूर्णिमा तिथि पहले दिन निशीथ व्यापिनी एवं दूसरे दिन प्रदोष व्यापिनी हो तो शरद पूर्णिमा/ कोजागर व्रत दूसरे दिन ही होगा। क्योंकि इस व्रत में किए जाने वाले लक्ष्मी पूजन का काल प्रदोषकाल ही लिखा है। अतः शरदपूर्णिमा / कोजागर व्रत 31 अक्टूबर को धर्मशास्त्र सम्मत है । इस दिन पूर्णिमा चन्द्रोदय व्यापिनी भी है । शरद पूर्णिमा को चंद्रमा की शीतल चांदनी में चावल और गाय के दूध से निर्मित खीर रात में और सुबह सेवन से श्वांस व दमा के रोगियों के लिए फायदेमंद रहती है। इस दिन गुरु धनु में, शनि मकर में स्वयं राशि पर रहेंगे। सूर्य तुला राशि में, शुक्र कन्या राशि में नीच राशि पर रहेंगे। इस दिन सिद्धियोग होने से भूमि, भवन, वाहन और आभूषण की खरीदारी की जा सकती है।

# रिश्वत में 50 हजार का चेक लेने महिला एलडीसी व मध्यस्थ गिरफ्तार

**स्लग...चेक और फिर कैश से रिश्वत का पहला मामला**

**- 1.50 लाख रुपए धरोहर राशि का डीडी देने के बदले लिया था चेक**

**- डीडी जमा होने पर चेक से 50 हजार रुपए निकाल एलडीसी को देने वाला था मध्यस्थ**

**जोधपुर ( कासं )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्य के बदले जमा 1.50 लाख रुपए धरोहर राशि लौटाने की एवज में पचास हजार रुपए का चेक लेने पर पंचायत समिति बालेसर की कनिष्ठ लिपिक और मध्यस्थ को बुधवार शाम गिरफ्तार किया।

धरोहर राशि का डीडी बैंक में जमा होने के बाद मध्यस्थ को चेक से पचास हजार रुपए निकालकर एलडीसी को देने थे, लेकिन चेक लेते ही ब्यूरो ने पहले मध्यस्थ और फिर कनिष्ठ लिपिक को पकड़ लिया।

ब्यूरो के उप महानिरीक्षक डॉ विष्णुकांत ने बताया कि जैसलमेर में सांकड़ा की फर्म संचालक की शिकायत पर पंचायत समिति बालेसर की कनिष्ठ लिपिक आगोलाई निवासी रानी कुमारी (30) पत्नी खरताराम जाट व बालेसर सुरेश माली को रिश्वत का चेक लेते गिरफ्तार किया गया है। परिवादी ने बालेसर कस्बे के बैंक में मध्यस्थ सुरेश को 50 हजार का चेक दिया था। वह सेल्फ चेक पर अपना नाम लिखकर बैंक से रुपए निकालकर एलडीसी को देने वाला था, लेकिन उससे पह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भोपालसिंह लखावत व टीम ने उसे पकड़ लिया।

ब्यूरो ने मोबाइल पर उसकी बात एलडीसी से करवाकर रिश्वत लेने की पुष्टि कराई। फिर पंचायत समिति बालेसर से एलडीसी रानी कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्वत के बदले चेक लेने का यह संभवतः पहला मामला है।

**चेक इसलिए लिया ताकि रंगे हाथों पकड़ी न जा सके**

ब्यूरो की ग्रामीण चौकी के एएसपी भोपालसिंह ने बताया कि परिवादी की फर्म ने वर्ष 2016-17 में ग्राम पंचायत बालेसर में निविदा कार्य के तहत गिट्टी व अन्य सामग्री सप्लाई की थी। 1.50 लाख रुपए धरोहर राशि जमा कराई गई थी। पंचायत समिति बालेसर की कनिष्ठ लिपिक रानी कुमारी जाट तत्कालीन ग्राम सेवक थी। वर्तमान में वह कनिष्ठ लिपिक है। धरोहर राशि प्राप्त करने के लिए फर्म संचालक ने कनिष्ठ लिपिक रानी कुमार से सम्पर्क किया। धरोहर राशि का डीडी लौटाने के बदले उसने पचास हजार रुपए मांगे। फर्म संचालक ने एसीबी से शिकायत की। गोपनीय सत्यापन कराया गया। एलडीसी ने रिश्वत के बदले नगद की जगह चेक मांगा। वो भी मध्यस्थ सुरेश को देना था। मध्यस्थ ही सेल्फ चेक से रुपए निकाल एलडीसी को देता। ताकि सीधे रुपए लेने पर वह रंगे हाथों पकड़ी न जा सके।

## लोहावट में 5 दिन पहले बेटी की शादी, ससुराल से वापस लाते समय हादसे में पिता की मौत

**जोधपुर ( कासं )।** जांभाणी जनजागरण संस्थान के अध्यक्ष व एडवोकेट सुखराम ढाका का सोमवार को जयपुर से आते वक्त सड़क हादसे में निधन हो गया। उनके साथ उनकी बेटी अनुजा विश्नोई व दामाद भी थे। उन दोनों को मामूली चोटें आईं। लोहावट क्षेत्र के डाबर निवासी एडवोकेट सुखराम विश्नोई के घर इन दिनों खुशी का माहौल था। पांच दिन पहले कांग्रेस की युवा नेत्री अनुजा विश्नोई की धूमधाम से शादी की। बेटी को विदा किया। सोमवार को बेटी के ससुराल जयपुर से बेटी व दामाद के साथ जोधपुर आ रहे थे कि दूदू के पास सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। बेटी अनुजा व दामाद अमीस को भी चोटें आई।

**RAJASTHAN STATE GANGANAGAR SUGAR MILLS LIMITED**
Regd. Office: 4th FLOOR, NEHRU SAHKAR BHAWAN, BHAWANI SINGH ROAD, JAIPUR-302006
CIN:U15421RJ1945SGC000285
Tel: 0141-2740841, Fax: 0141-2740676, Email-ID : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in

NIB. NO. RSGSM/Spare Parts/OCB/2020-21/Pur/42 Date 27.10.2020

**E-BID NOTICE**

E-bids are invited from Manufacturer/Distributor for procurement of Spare Parts for Semi-Automatic Bottling Machine up to 6.00 PM of 18.11.2020. Details may be seen in the Bidding Document on our website http://rajexcise.gov.in/ and http://sppp.rajasthan.gov.in. This bid shall be processed through e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in of Govt. of Rajasthan. Further updates about the bidding will be available only on above website therefore interested bidders are advised to visit above website regularly for updates.

UBN:GSM2021GLRC00190
Raj.Samwad/C/20/6232
Dy. General Manager (Purchase)

# उद्यमियों को बताया वोकल फोर लोकल का महत्व




कृषि विश्वविद्यालय में वेबीनार

**जोधपुर ( कासं )।** कृषि विश्वविद्यालय की ओर से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफ एमई) के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को वेबीनार आयोजित की गई। वेबीनार के माध्यम से वोकल फोर लोकल व योजना की जानकारी स्थानीय उद्यमियों को दी गई। वेबीनार की अध्यक्षता करते हुए कृषि विवि कुलपति प्रो बीआर चौधरी ने जोधपुर के स्थानीय खाद्य पदार्थों के विपणन व इनके औषधीय गुणों की महता को देखते हुए प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की बात कही।

मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति प्रो एनएस राठौड़ ने योजना से होने वाले लाभ व युवाओं को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में उचित मनोबल मिलना बताया। इससे भारत के युवा सूक्ष्म खाद्य पदार्थो को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सरकार की उक्त योजना के सहयोग से पहचान दिलानें की दिशा में कार्य करेंगे।

विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. दिनेशचन्द्र जोशी ने लोकल के लिए वोकल पर जोर देते हुए स्थानीय फुड को एफ एसएसआई के प्रमाणिकता के अनुसार स्थानीय फूड की पैकेजिंग कर इनके विपणन को मजबूत करने की बात पर जोर दिया।

वेबीनार संयोजक कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो भारतसिंह भीमावत, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के पीएचएम डॉ एम एल गुप्ता, एसबीआई के जिला समन्वयक आरबी शर्मा, सीए मेंटोर सब्सिडी गुरू पंकज बाहेती आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## गबन करने वालों को ब्याज समेत चुकानी होगी रकम

**जोधपुर ( कासं )।** संभागीय आयुक्त डॉ. समित शर्मा ने सम्भाग की स्वायत्तशासी संस्थाओं के गबन के मामलों में राशि ब्याज समेत वसूलने और सम्बन्धित कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. शर्मा ने बुधवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संभाग स्तरीय प्रशासनिक परीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में बकाया ऑडिट आक्षेपों के समयबद्ध निस्तारण व अनुपालना, गंभीर अनियमितताओं, प्रारूप प्रालेख व गबन इत्यादि पर कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी जनवरी में होने वाली त्रैमासिक बैठक तक 50 प्रतिशत ऑडिट आक्षेप निरस्त करने की हिदायत दी। बैठक में बकाया प्रारूप प्रालेख, विशेष जांच प्रतिवेदनों के आक्षेप निस्तारण, बकाया प्रथम अनुपालना, गबन अंकेक्षण, ग्राम पंचायतों के बकाया अंकेक्षण व निस्तारण के लिए जिला परिषद लेखाधिकारी की कार्रवाई व बकाया अंकेक्षण शुल्क की समीक्षा की गई। उन्होंने नगर परिषद बाड़मेर, जैसलमेर, पंचायत समिति सांचौर, सिरोही, सोजत व नगर पालिका भीनमाल सहित अन्य संस्थाओं के अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा– बिलाड़ा, जोधपुर ई–मेलः bilara@bankofbaroda.com मो.– 9049401364
क्षेत्रीय कार्यालय– जोधपुर, ई–मेलः recovery.jodhpur@bankofbaroda.com

परिशिष्ट–IVक (नियम 8(6) का परन्तुक देखे)
**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम,2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते की वसूली के लिये **''जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति–दाता का विवरण, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई–नीलामी की दिनांक एवं समय, अग्रिम धनराशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| ऋणियों एवं गारटंरों का नाम व पते | ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो | कुल देय राशि | ई–नीलामी दिनांक व समय | आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि तथा बोली वृद्धि राशि | कब्जे की प्रकति सांकेतिक/भौतिक | सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) मैसर्स अम्बे जिनिंग एण्ड प्रेसिंग फैक्टरी प्रोपराईटर श्री इशू सिंह राजपुरोहित पुत्र श्री बालू सिंह (2) श्री मंगल सिंह राजपुरोहित पुत्र श्री बालू सिंह, पता– 247, नायों का बास, गांव शिकारपुरा जिला जोधपुर | वाणिज्यिक प्लॉट खसरा नं. 318, ग्राम सिनला, तहसील मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली में स्थित है जो कि श्री इशू सिंह राजपुरोहित पुत्र स्व. श्री बालू सिंह के नाम से है। क्षेत्रफल 6956 वर्गमीटर लगभग। **चारों सीमाएं**– पूर्व– रोड, पश्चिम– मांगीलाल जी जाट की भूमि, उत्तर– आशुरामजी की भूमि, दक्षिण– दयाराम जी का खेत। **ऋणभार– ज्ञात नहीं** | रूपये 13,09,591.28 (अक्षरे रूपये तेरह लाख नो हजार पांच सौ इकरानवे एवं पैसे अट्ठाईस मात्र) दिनांक 07.10.2020 तक | 30.11.2020 को प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक | रु. 5,21,700/– रु. 52,170/– रु. 10,000/– प्रति बोली | सांकेतिक | 26.11.2020 को प्रातः 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दी गई वेबसाइट अर्थात् https://www.bankofbaroda.in/eauction.htm तथा e-Bक्रय-IBAPI Portal (https:/ibapi.in) इसके आलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से टेलीफोन नं. 02930–222192 तथा मोबाईल नंबर 9049401364 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 29.10.2020 स्थानः बिलाड़ा, जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

सम्पत्ति की ऑनलाईन विक्रय हेतु ई-नीलामी

kotak Kotak Mahindra Bank

**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 27 बीकेसी, सी –27, जी–ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुम्बई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400 051
शाखा कार्यालयः प्रथम तल, 232-233, एसडीसी टॉवर, आम्रपाली सर्किल, हनुमान नगर, वैशाली नगर के पास, जयपुर- 302021

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) एवं 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

एफआईसीसीएल ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) के पक्ष में असाईमेंट दिनांकित 22.02.2018 को कर्ज सौंपा है एवं आम जनता को साधारण तथा विशेष रूप से ऋणधारकों/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है जिसका केएमबीएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 24.07.2020 को कब्जा लिया गया, को ''जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है'' के आधार पर **ऋणी श्री प्रमोद टेकचंदानी पुत्र स्व. श्री टीकम दास टेकचंदानी, श्रीमती नम्रता टेकचंदानी पत्नी श्री प्रमोद टेकचंदानी एवं श्रीमती भारती टेकचंदानी पत्नी स्व. श्री टीकम दास टेकचंदानी** से केएमबील में ऋण खाता सं. 012126300000350 के बकाया रू. 1,35,37,200.66 (रूपये करोड़ पैंतीस लाख सैतीस हजार दो सौ एवं छियासठ पैसे मात्र) दिनांक 26.10.2020 तक एवं भविष्य का लागू ब्याज भुगतान होने तक की वसूली हेतु **दिनांक 04.12.2020 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे के मध्य** (5 मिनट असीमित विस्तार के साथ) विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य 75,00,000/– (रूपये पिचहत्तर लाख मात्र) एवं अग्रिम धरोहर जमा राशि रू. 7,50,000/– (रूपये सात लाख पचास हजार मात्र) एवं ईएमडी व केवाईसी जमा कराने की अंतिम दिनांक 03/12/2020 सायं 07:00 बजे (भारतीय समय) तक है।

**सम्पत्ति का विवरणः सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते है जिसमें सम्पत्ति नं. 15/94, ब्लॉक नं. 15, चोपासनी हाऊसिंग बोर्ड, जोधपुर– 342001 में स्थित, सीमाएंः– पूर्व– मकान नं. 15/95, पश्चिम– मकान नं. 15/93, उत्तर– रोड़, दक्षिण– मकान नं. 15/110 एवं 15/111**

ऋणियों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। सामान्य रूप से आमजन और विशेष रूप से ऋणियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी कारण से निर्धारित नीलामी विफल रहता है तो प्रतिभूति लेनदार निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रतिभूत हित को लागू कर सकता है। सम्पत्ति की बिक्री हेतु किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता हेतु बोलीदाता सम्पर्क करे– श्री राजेन्द्र दहिया (+91 8448264515), श्री आकाश सक्सेना (+91 8860001910) श्री रविन्द्र सिंह गोदारा (+91 9983999074) एवं सुश्री लक्ष्मी चौधरी (+91 7412032966)।

बिक्री के नियम व शर्तों की अधिक जानकारी हेतु कृपया लिंक https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html कोटक महिन्द्रा बैंक की वेबसाईट अर्थात् www.kotak.com अथवा https://kotakbank.auctiontiger.net का सदंर्भ लेवे।

दिनांकः 26.10.2020 स्थानः जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी
कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड